TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**पुण्यतिथि विशेष**

**07 अगस्त 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण के कारखाने हैं और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर हैं।

**गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर**

( **कवि** )

**जन्म: 07 मई 1861 मृत्यु: 07 अगस्त 1941**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 07 अगस्त

1. **राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस–** स्वदेशी लघु एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 7 अगस्त, 1905 ई. को चलाये गए स्वदेशी आंदोलन कर स्मृति में सरकार ने प्रतिवर्ष 7 अगस्त को हस्तकरघा दिवस मनाने को निर्णय लिया है। भारत सरकार ने 29 जुलाई, 2015 ई. को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से 7 अगस्त को राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस मनाने को निर्णय लिया था।

2. **रवीन्द्रनाथ टैगोर स्मृति दिवस–** भारत के राष्ट्रगान 'जन–गण–मन' के रचनाकार 'गुरूदेव' रवीन्द्रनाथ टैगोर का निधन 7 अगस्त, 1941 ई. को कलकत्ता में हुआ था। टैगोर एक जाने माने लेखक, कवि, नाटककार, शिक्षाविद्, संगीतकार, चित्रकार भी थे। 'करूणा' नाम से इनका पहला उपन्यास छपा। इसके बाद, 'राजर्षि', 'गोरा', 'चोखेर बालि' आदि उपन्यास लिखे। 'चित्रांगदा', 'डाकघर' आदि इनका प्रमुख नाटक है। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता (1913 ई. में साहित्य के लिए) भी थे। ये ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने दो देशों भारत तथा बांग्लादेश के लिए राष्ट्रगान लिखा है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में 'रवीन्द्र संगीत' का महत्वपूर्ण स्थान है।

3. **एम. एस. स्वामीनाथन का जन्मदिन–** भारतीय वैज्ञानिक और आनुवांशिकविद् एम. एस. स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 ई. को कुंभकोणम, तमिलनाडु में हुआ था। इन्हें भारतीय 'हरित क्रांति का जनक' भी कहा जाता है। इन्होंने वर्ष 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब के घरेलु किस्मों के साथ मिश्रित कर उच्च उत्पादकता वाले गेहूँ के संकर बीज को विकसित किया। इन्हें भारत सरकार द्वारा सन् 1967 में 'पद्म श्री', 1972 में 'पद्म भूषण' तथा 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया। वर्ष 1987 में पहला विश्व खाद्य पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

4. **आइवरी कोस्ट की स्वतंत्रता दिवस–** अफ्रीका महादेश के एक देश आइवरी कोस्ट को 7 अगस्त, 1960 ई. को फ्रांसीसी उपनिवेश से स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। आइवरी कोस्ट का शाब्दिक अर्थ होता है– हाथी दाँत का किनारा। इसकी राजनीतिक राजधानी यामोसुक्रो तथा आर्थिक राजधानी अबीजान है।

5. **स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत–** वर्ष 1905 में, पुरे ब्रिटिश भारत में बंग–भंग के विरोध में स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत 7 अगस्त, 1905 ई. को किया गया था। स्वदेशी का अर्थ है– 'अपने देश का'। इस आंदोलन का उद्देश्य अपने देश में बने माल का अधिकाधिक उपयोग करना तथा ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना था। जगह–जगह विदेशी कपड़ों को जलाया गया। यह ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने और भारत की आर्थिक समृद्धि के लिए अपनाया गया था।

Wednesday

# Teachers of Bihar


The change makers

## दिवस विशेष

7 अगस्त

मधु प्रिया


## रविंद्र नाथ टैगोर स्मृति दिवस 7 अगस्त




गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861को कोलकाता में हुआ था। आज(7 अगस्त) रविंद्र नाथ टैगोर स्मृति दिवस है। 7 अगस्त 1947 को इस महान विभूति ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। पटना के वीरचंद पटेल पथ पर स्थित रविंद्र भवन इसकी स्मृतियों को आज भी ताजा कर देती है। यहां कला संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के अलावा संगीत का स्कूल भी चलता है। बिहार सरकार ने करीब डेढ़ करोड़ की लागत से इस भवन का सौंदर्यीकरण कराया था। इस भवन का निर्माण 1955 में हुआ था।भारत को राष्ट्रगान ऐसी महान विभूति की देन है। गुरुदेव के नाम से विख्यात रविंद्र नाथ टैगोर महान कवि साहित्यकार, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले एकमात्र भारतीय साहित्यकार हैं। रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले युगदृष्टा कवि थे। साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले एशिया के प्रथम व्यक्ति हैं। वे एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनकी दो अलग-अलग रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान है। भारत का राष्ट्रगान "जन-गण-मन" और बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान "अमर सोनार बांग्ला" गुरुदेव की रचनाएं हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 07 अगस्त

राकेश कुमार






**रबीन्द्रनाथ ठाकुर** अथवा **रबींद्रनाथ टैगोर** *Rabindranath Thakur*, जन्म- 7 मई, 1861, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 7 अगस्त, 1941, कलकत्ता) एक बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार, निबंधकार और चित्रकार थे। भारतीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ रूप से पश्चिमी देशों का परिचय और पश्चिमी देशों की संस्कृति से भारत का परिचय कराने में टैगोर की बड़ी भूमिका रही तथा आमतौर पर उन्हें आधुनिक भारत का असाधारण सृजनशील कलाकार माना जाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.08.2024

## निर्देशात्मक सामग्री

निर्देशात्मक सामग्री शैक्षिक पाठों में उपयोग किए जाने वाले उपकरण हैं, जिसमें सक्रिय शिक्षण और मूल्यांकन शामिल है। मूल रूप से, कोई भी संसाधन जिसका उपयोग शिक्षक अपने छात्रों को पढ़ाने में मदद करने के लिए करता है, निर्देशात्मक सामग्री है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



एनसीईआरटी ने मिडिल क्लास यानी 6वीं से 8वीं के छात्रों के लिए 10 बैगलेस डेज (Bagless Days) का प्रावधान है। इसका मकसद पढ़ाई को आसान और मजेदार बनाने के साथ लाइफ स्किल्स सीखाना है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## क्रिकेट

## अधिकांश व्यक्तिगत स्कोर - देशानुसार

| राष्ट्र | टेस्ट क्रिकेट | वनडे |
|---|---|---|
| भारत | वीरेंद्र सहवाग (319) | रोहित शर्मा (264) |
| ऑस्ट्रेलिया | एम० एल० हेडन (380) | शेन वाटसन (185) |
| पाकिस्तान | हनीफ मोहम्मद (337) | फखर जमन (210) |
| न्यूजीलैंड | ब्रैड मैकुलम (302) | एम० जे० गुप्टील (237) |
| वेस्ट इंडीज | ब्रायन लारा (400) | क्रिस गेल (215) |
| दक्षिण अफ्रीका | हाशिम अमला (311) | गैरी कर्स्टन (188) |
| इंगलैंड | एल० हटन (364) | जे जे रॉय (180 ) |
| श्री लंका | महेला जयवर्धने (374) | सनथ जयसूर्या (189) |

7 अगस्त



भारत के अनुवांशिक विज्ञानी,
भारत में हरित क्रांति के जनक


## एम.एस.स्वामीनाथन

की जयंती पर सादर नमन।

7 अगस्त 1925

Madhu priya

www. teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रगान जन-गण-मन के
रचयिता, बांग्ला कवि, नोबेल
पुरस्कार प्राप्त करने वाले
एकमात्र साहित्यकार
रविन्द्रनाथ टैगोर
के स्मृति दिवस पर कोटि
कोटि नमन।
7 मई 1861-7 अगस्त 1941
/teachersofbihar
Madhu priya

7 अगस्त

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस




हथकरघा उद्योग से जुड़े सभी शिल्पकारों को

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

Punita Kumari

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
7 अगस्त
राष्ट्रगान के रचयिता
नोबेल पुरस्कार विजेता
रवीन्द्रनाथ टैगोर
की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन
7 मई 1861 - 7 अगस्त 1941
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय
हथकरघा
दिवस
7 अगस्त
समस्त कारीगरों को
राष्ट्रीय हथकरघा दिवस
की हार्दिक बधाई।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya